सत्यमेव जयते

**राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड**
**प्रेस विज्ञप्ति**

**राजभवन देहरादून 03 मई, 2025**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शनिवार को राजभवन में सुदूर पश्चिम प्रांत, नेपाल के मुख्यमंत्री श्री कमल बहादुर शाह के नेतृत्व में 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उत्तराखण्ड और नेपाल के बीच वर्षों के संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में आपसी समन्वय से काम करने की संभावनाओं पर भी चर्चा की।

राज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल का उत्तराखण्ड में स्वागत करते हुए कहा कि भारत और नेपाल के बीच कई दशकों से घनिष्ठ संबंध हैं। उन्होंने सीमावर्ती जिलों में मिल–जुलकर विकास करने, आपदा के समय एक–दूसरे की मदद करने और धार्मिक व सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने की बात कही। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड और नेपाल के बीच बेहतर कनेक्टिविटी, व्यापारिक साझेदारी और साझा परियोजनाओं से दोनों पक्षों को लाभ हो सकता है।

मुख्यमंत्री श्री कमल बहादुर शाह ने कहा, की उत्तराखण्ड और नेपाल की जमीन और पानी एक जैसे हैं। उत्तराखण्ड के विकास से नेपाल के सीमावर्ती इलाकों को भी प्रेरणा मिलती है। उन्होंने विकास हेतु नेपाल को किए जा रहे सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उत्तराखण्ड और नेपाल के बीच सहयोग को और मजबूत करने पर जोर दिया।

इस अवसर पर सुदूर पश्चिम प्रांत के मंत्री श्री वीर बहादुर थापा, सदस्य श्री घनश्याम चौधरी, श्री नरेश कुमार शाही, श्री झपत बहादुर सौद, श्री शेर बहादुर भण्डारी, मुख्य सचिव सुदूर पश्चिम प्रांत डॉ. कमल प्रसाद पोखरेल शर्मा, सचिव श्री सूरत कुमार बम, राजनीतिक सलाहकार डॉ. जीतू उपाध्याय मौजूद थे।

..........0..........